# वर्ष 2018 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची

**नोबेल पुरस्कार का संक्षिप्त इतिहास:**

नोबेल फाउंडेशन द्वारा स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड बर्नाड नोबेल की याद में हर साल नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। स्वीडिश वैज्ञानिक एल्फ्रेड नोबेल द्वारा इस पुरस्कार की शुरुआत 27 नवंबर 1895 में की गई थी। एल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट का आविष्कार किया था। उन्होंने अपनी वसीयत में अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा नोबेल फाउंडेशन ट्रस्ट के लिए सुरक्षित रख दिया था, उनकी यह इच्छा थी कि इस पैसे के ब्याज से प्रतिवर्ष उन लोगों को सम्मानित किया जाए, जिनका काम मानव जाति के लिए सबसे कल्याणकारी पाया जाए। तब से हर वर्ष स्वीडिश बैंक में जमा इसी राशि के ब्याज से नोबेल फाउँडेशन द्वारा फिजियोलॉजी या चिकित्सा, भौतिकी, रसायन, साहित्य और शांति के साथ-साथ अर्थशास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। केवल जीवित लोगों को ही नोबेल पुरस्कार दिया जा सकता है।

**नोबल पुरस्कार विजेता को मिलने वाली राशि:**

नोबल पुरस्कार विजेताओं एक गोल्ड मेडल, डिप्लोमा और करीब 90 लाख स्वीडिश क्रोनर (करीब 7.25 करोड़ रुपए) की नकद राशि प्रदान की जाती है। पहले ये पुरस्कार राशि तक 80 लाख स्वीडिश क्रोनर (लगभग 6.25 करोड़ रुपये) होती थी, परंतु पिछले वर्ष इस राशि को बढ़ा दिया गया था। जानते है इस वर्ष किन-2 व्यक्तियों को नोबेल प्राइज 2018 के लिए नामांकित किया गया है। सभी विजेताओं को 10 दिसम्बर को अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि पर स्वीडन में इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**वर्ष** 2018 **के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए नोबेल पुरस्कार श्रेणियां:**

**चिकित्सा नोबल पुरस्कार** 2018:

नोबेल फाउंडेशन ने 01 अक्टूबर 2018 को वर्ष 2018 के चिकित्सा श्रेणी के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की थी। अमेरिका के जेम्स पी एलिसन (70) और जापान के तासुकू होंजो (76) को संयुक्त रूप से कैंसर थेरपी की खोज के लिए साल 2018 के चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- **अमेरिकी शोधकर्ता जेम्स पी. एलिसन** ने एक ऐसे प्रोटीन का अध्ययन किया जो रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए रुकावट का काम करता है। उन्होंने उस अवरोध को हटाने की क्षमता को महसूस

किया और रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं को ट्यूमर पर हमला करने के लिए आजाद कर दिया। उनकी इस खोज ने कैंसर पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए नए नजरिए का विकास किया है।

- **जापानी वैज्ञानिक तासुकू होंजो** ने भी एक प्रोटीन की खोज की है, जो रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं के लिए अवरोध का काम करता है। उन्होंने अपने रिसर्च से ये अध्यन्न किया कि ये प्रोटीन रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं को कैंसर के ट्यूमर तक पहुंचने से रोकता है लेकिन इसके काम करने का तरीका बिल्कुल अलग है। उनकी खोज पर आधारित इलाज पद्यति से कैंसर के खिलाफ लड़ने में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

**भौतिकी नोबल पुरस्कार** 2018:

रयायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 02 अक्टूबर 2018 को की गई थी। अमेरिकी वैज्ञानिक ऑर्थर एश्किन, फ्रांसीसी वैज्ञानिक गेरार्ड मौरोउ और कनाडा के वैज्ञानिक दोन्ना स्ट्रिकलैंड को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। तीनों वैज्ञानिकों को लेजर फिजिक्स के क्षेत्र में इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- **अमेरिकी शोधकर्ता ऑर्थर एश्किन** को 'ऑप्टिकल टीजर' का आविष्कार करने के लिए सम्मानित किया गया है। 'ऑप्टिकल टीजर' के जरिए कण, अणु, वायरस व अन्य जीवित कोशिकाओं को लेजर बीम फिंगर्स के जरिए पकड़ा जा सकता है।
- **फ्रांसीसी वैज्ञानिक गेरार्ड मौरोउ और कनाडा की दोन्ना स्ट्रिकलैंड** को अल्ट्रा-शॉर्ट ऑप्टिकल पल्सेज बनाने का तरीका विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किसी भी महिला को भौतिकी के क्षेत्र में 55 साल बाद इस सम्मान के लिए चुना गया है, जबकि 96 वर्षीय अमेरिकी वैज्ञानिक एश्किन ऑप्टिकल नोबेल पाने वाले सबसे वृद्ध व्यक्ति बन गए है।

**रसायन विज्ञान नोबल पुरस्कार** 2018:

भौतिकी विज्ञान के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 03 अक्टूबर 2018 को की गई थी। अमेरिकी शोधकर्ता फ्रांसिस एच. अर्नोल्ड, अमेरिकी शोधकर्ता जॉर्ज पी. स्मिथ और यूनाइटेड किंगडम के सर ग्रेगरी पी. विंटर को क्रमविकास के सिद्धांतों का उपयोग कर जैव ईंधन से ले कर औषधि तक, हर चीज बनाने में इस्तेमाल होने वाले एंजाइम का विकास करने के लिए के लिए वर्ष 2018 भौतिकी नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- **यूएसए के वैज्ञानिक फ्रांसिस एच. अर्नोल्ड** को एंजाइम और फार्मास्यूटिकल से जुड़े एक अविष्कार के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है।

- **अमेरिकी शोधकर्ता जॉर्ज पी. स्मिथ** को फेज डिस्पले का मैथ्ड विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया है।
- **यूनाइटेड किंगडम के शोधकर्ता सर ग्रेगरी पी. विंटर** को जॉर्ज स्मिथ द्वारा डेवलेप किए गए मैथ्ड डिस्पले का इस्तेमाल करते हुए नई दवाई की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**नोबेल शांति पुरस्कार** 2018:

शांति नोबेल पुरस्कार का ऐलान 05 अक्टूबर 2018 को किया गया था। इस साल कांगो गणराज्य के डॉ. डेनिस मुकवेगे और इराक की नादिया मुराद को संयुक्त रूप से यौन हिंसा के खिलाफ संघर्ष के लिए ये सम्मान मिला है।

- **कांगो गणराज्य के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डेनिस मुकवेगे** ने युद्धग्रस्त पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में मौजूद हजारों बलात्कार पीड़ितों का इलाज किया था, जिनमें महिलाएं, बच्चे और यहां तक कि कुछ महीने के शिशु भी शामिल हैं।
- **इराक की यजीदी दुष्कर्म पीड़िता नादिया मुराद** को साल 2014 में इस्लामिक स्टेट (IS) के आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तीन महीने तक सेक्स गुलाम के रूप में रखा था।

## शांति पुरस्कार क्यों दिया जाता है?

शांति का नोबेल पुरस्कार किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाता है जो दो देशों के बीच भाई-चारे को बढ़ावा देते हैं या फिर समाज के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं जिससे लोगों को नई जिंदगी मिलती है।

**अर्थशास्त्र नोबल पुरस्कार** 2018:

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार का ऐलान 8 अक्टूबर 2018 को किया गया था। इस साल दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों विलियम डी नोर्दहॉस और पॉल एम. रोमर को संयुक्त रूप से इकोनॉमिक ग्रोथ पर खोज के लिए साल 2018 के लिए अर्थशास्त्र नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- **विलियम डी नोर्दहॉस** को क्लाइमेंट चेंज इकोनॉमिक्स का पिता कहा जाता है। उनको मेक्रोइकोनॉमिक एनालिसिस में क्लाइमेट चेंज के इंटीग्रेशन के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया है।
- **पॉल एम. रोमर** को मेक्रोइकोनॉमिक एनालिसिस में टेक्नोलॉजी के नए इनोवेशन के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया है।

**साहित्य नोबेल पुरस्कार** 2018:

इस वर्ष किसी भी व्यक्ति को साहित्य नोबेल पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है। क्योंकि स्वीडिश एकेडमी की ज्यूरी की एक सदस्य के पति पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं, जिसके कारण स्वीडिश एकेडमी विवादों में घिरी हुई है। अकादमी ने कहा है कि वो साल 2018 के विजेताओं की घोषणा वर्ष 2019 के विजेता के साथ ही करेगी।